तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 23.2 डिग्री

4

जशपुर में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ



## खबर संक्षेप

### बालझार में लगा एग्रीस्टैक पंजीयन शिविर

**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत बालझार के पंचायत भवन में एग्रीस्टैक योजना के तहत विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान 40 से अधिक किसानों का एग्रीस्टैक पंजीयन सफलतापूर्वक किया गया। जानकारी के अनुसार एग्रीस्टैक पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। किसानों से अपील की गई है कि वे समय रहते अपना पंजीयन अवश्य करा लें। पंजीयन नहीं कराने पर आगामी सत्र में धान बिक्री सहित शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो सकती है। शिविर में सरपंच हरिनाथ दीवान, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नितिन शर्मा और कंप्यूटर ऑपरेटर मानस बंजारा मौजूद रहे। इनके सहयोग से किसानों का पंजीयन कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

### आकाशीय बिजली गिरने से बालिका की मौत, दो घायल

**लखनपुर।** ग्राम बिनिया निवासी प्रीति ठाकुर आ. शिक्षा प्रसाद (7 वर्ष) शनिवार को मां पुनीता ठाकुर, बहन रूमा ठाकुर (9 वर्ष), रवि ठाकुर (18 वर्ष), वृक्षा प्रसाद ठाकुर, व्रत कुंवर ठाकुर के साथ अपने में खेत में रोपा लगा रही थी। शाम लगभग 4.30 बजे अचानक मौसम खराब होने से तेज गरज चमक के साथ हल्की बारिश शुरू हुई। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली खेत में गिरने से प्रीति ठाकुर चपेट में आने से झुलस गई जबकि गाज के झटके से रूमा ठाकुर और रवि ठाकुर खेत में गिरकर अचेत हो गए। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल तीनों को उपचार हेतु अरगोती के संगवारी अस्पताल लेकर गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को लखनपुर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायलों को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत प्रीति ठाकुर को मृत घोषित कर दिया वहीं रवि ठाकुर और रुमा ठाकुर उपचार के बाद स्वस्थ हैं।

### रिहा हुए कैदी की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत

**अम्बिकापुर।** केंद्रीय जेल में हत्या के मामले में सात साल की सजा काट रहे कैदी की उस समय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई जब रिहा हुए महज दो घंटे ही हुआ था। इधर पिता के जेल से रिहा होने की सूचना पर बेटी खुशी के साथ पिता को लेने आई थी लेकिन बेटी को कहा मालूम था कि पिता को सकुशल ले जाने के बजाए शव को लेकर घर जाएगी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शहर से लगे ग्राम खलिबा निवासी श्याम जतन साय आ. स्व. सोन साय कोरवा (66 वर्ष) 7 साल पूर्व पत्नी की हत्या के मामले में उसे सात साल की सजा सुनाई गई। न्यायालय से सजा सुनाने के बाद श्याम जतन केन्द्रीय जेल में पत्नी की हत्या में मामले में सजा काट रहा था।

### जान जोखिम में डालकर अस्पताल जाने को मजबूर ग्रामीण

# आजादी के दशकों बाद भी महुवादरहा में सड़क और पुलिया का इंतजार

देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन जिले की ग्राम पंचायत जामजुनवानी के महुवादरहा मोहल्ले में आज भी विकास की बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंच सकी हैं। यहां रहने वाले 100 से अधिक परिवार लंबे समय से पक्की सड़क और पुलिया की मांग कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सड़क और पुलिया के अभाव में ग्रामीणों को आज भी जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ता है। स्थानीय उपसरपंच विजय पैकरा ने बताया कि महुवादरहा एवं बथान पारा मोहल्ले में 100 से अधिक परिवार निवास करते हैं। मोहल्ले तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है और रास्ते में पड़ने वाले नाले पर पुलिया का भी निर्माण नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने सड़क और पुलिया निर्माण की मांग को लेकर कई बार आवेदन दिए, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

#### 12 से 15 किलोमीटर का चक्कर

ग्रामीणों के अनुसार, महुवादरहा से घोघरा होते हुए यदि सड़क और नाले पर पुलिया का निर्माण हो जाए तो तमता की दूरी महज 5 से 6 किलोमीटर रह जाएगी। लेकिन वर्तमान में सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को जामजुनवानी और मिर्जापुर होते हुए 12 से 15 किलोमीटर का लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। ग्रामीणों को अस्पताल, स्कूल, बाजार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए तमता जाना पड़ता है। सड़क के अभाव में हर दिन उन्हें अतिरिक्त दूरी और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### उफनते नाले को पार कर स्कूल जाते हैं बच्चे, हाथी प्रभावित क्षेत्र होने से बढ़ा खतरा



#### बारिश में थम जाती है जिंदगी

ग्रामीण लछन सिंह ने बताया कि गर्मी के दिनों में किसी तरह खेतों की मेढ़ और कच्चे रास्तों से आवागमन हो जाता है, लेकिन बारिश शुरू होते ही समस्या गंभीर हो जाती है। बथान पारा और महुवादरहा के बीच स्थित नाले में बारिश के दौरान तेज बहाव आ जाता है। उन्होंने बताया कि कई बार मासूम बच्चों को इसी उफनते नाले को पार कर स्कूल जाना पड़ता है। वहीं, किसी ग्रामीण के बीमार पड़ने या आपात स्थिति में मरीज को चारपाई या मोटरसाइकिल के सहारे किसी तरह मुख्य मार्ग तक पहुंचाना पड़ता है।

#### प्रशासन से लगाई गुहार

महुवादरहा के ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने शासन और जिला प्रशासन से इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने की मांग की है। ग्रामीणों की मांग है कि बथान पारा और महुवादरहा के बीच नाले पर जल्द से जल्द पुलिया का निर्माण कराया जाए तथा घोघरा होते हुए तमता तक पक्की सड़क बनाई जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

#### लंबे समय से की जा रही मांग

ग्राम पंचायत जामजुनवानी के सरपंच शिव प्रसाद लकड़ा ने कहा कि महुवादरहा और आसपास के मोहल्लों के ग्रामीण लंबे समय से सड़क और पुलिया की समस्या से जूझ रहे हैं। जनसमस्या निवारण शिविरों और प्रशासनिक स्तर पर कई बार आवेदन देकर पक्की सड़क और पुलिया निर्माण की मांग की गई है, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल या स्वीकृति नहीं मिली है। सरपंच ने कहा कि इस मार्ग पर सड़क और पुलिया का निर्माण होने से महुवादरहा सहित आसपास के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी।

#### हाथी प्रभावित क्षेत्र

महुवादरहा क्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत आता है। ऐसे में सड़क के अभाव में ग्रामीणों को खेतों की मेढ़ों और कच्चे रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। रात के समय जंगल और खेतों में हाथियों की आवाजाही के कारण ग्रामीणों में हमेशा भय का माहौल बना रहता है।

## पत्थलगांव में साइबर ठगी का मामला, यूपीआई के जरिए खाते से 3.82 लाख पार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के शिकार होने का एक मामला सामने आया है। भाजपा की महिला नेत्री के खाते से करीब 3.82 लाख रुपये को साइबर ठगों ने पार कर दिया है।

दरअसल, पत्थलगांव नगर पालिका के अंबेडकर नगर वार्ड क्रमांक 4 निवासी वीरेन्द्र नाथ विश्वास ने थाना पत्थलगांव में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से उनके दो बैंक खातों से कुल 3 लाख 82 हजार 937 रुपये निकाल लिए। शिकायत के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक पत्थलगांव शाखा के खाते से 14 जुलाई 2026 को 85,025 रुपये तथा बैंक ऑफ बड़ौदा पत्थलगांव शाखा के खाते से क्रमशः 98,512 रुपये, 99,900 रुपये और 99,500 रुपये की राशि अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए निकाल ली गई। पीड़ित का आरोप है कि यह रकम किसी अज्ञात व्यक्ति ने यूपीआई के माध्यम से धोखाधड़ी कर निकाली, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा ठगी गई राशि वापस दिलाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने आवेदन के आधार पर अपराध दर्ज कर लिया है साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

पत्थलगांव थाना प्रभारी विनीत पांडे ने बताया कि पत्थलगांव निवासी वीरेंद्र नाथ के खाते से 3 लाख 82 हजार 937 रुपये की साइबर ठगी की शिकायत मिली है। 17 जुलाई को ही साइबर पोर्टल में शिकायत करवाई गई थी 24 जुलाई को एफआईआर कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सभी लोग सचेत रहे बैंक खाते की जानकारी साझा न करें ओटीपी नही बताये और मोबाइल में किसी के द्वारा भेजे गए एपीके फाइल डाउनलोड न करें। अपने परिवार अपने दोस्तो को इन बातों को ज्यादा से ज्यादा बताए समझाए और सुरक्षित रहे।

# गौ मांस बांटते 10 आरोपी पकड़े गए, हथियार व अवशेष बरामद



**कोतबा।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने गौ-तस्करी और गौ-हत्या के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन शंखनाद' के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए खौफनाक वारदात का पर्दाफाश किया है। जशपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) लाल सिंह उमेद के मार्गदर्शन व पत्थलगांव एसडीओपी ध्रुवेष जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोतबा क्षेत्र में गौ-हत्या कर मांस का बंटवारा कर रहे 10 आरोपियों को रंगे हाथों धर दबोचा है।

#### निकाला जुलूस

गिरफ्तारी के बाद सभी 10 आरोपियों को नवीन कोतबा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। वहां डॉक्टरी मुलाहिजा के बाद से पुलिस ने सभी को हथकड़ी और जंजीरों में जकड़कर मुख्य मार्ग पर पैदल निकाला। यह कतारबद्ध जुलूस कारगिल चौक होते हुए कोतबा पुलिस चौकी से पहले खड़ी पुलिस बस तक ले जाया गया। भरी सड़क पर पुलिस की इस सख्त कार्रवाई को देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मुख्य मार्ग से आरोपियों को इस तरह ले जाने के कदम के जरिए पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि जिले में गौ-हत्या जैसे जघन्य अपराधों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अपराधियों से सख्ती से निपटा जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह चौकी प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश यादव अपने स्टाफ के साथ ग्राम भ्रमण पर निकले थे। सुबह करीब 9 बजे एक जागरूक मुखबिर से उन्हें सूचना मिली कि ग्राम कोतबा बैगाबहार और रोकबहार के कुछ लोगों ने भोर में 3 से 4 बजे के बीच बरगोड़ा नाले के पास एक सुनसान इलाके में रंजीत एक्का के एक बछड़े की हत्या कर दी है। आरोपी अब गोमांस को टुकड़ों में काटकर आपस में बांटने की तैयारी कर रहे हैं। इस संवेदनशील सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गवाहों को साथ लिया और सीधे घटनास्थल पर दबिश दी। ⏭ शेष पेज 4 पर

### विधायक साय ने किसान बहनों के साथ बैठकर सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

# प्रेरणादायी विचारों को सुनना एक सुखद अनुभवः गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

राजनीति की भागदौड़ और जनप्रतिनिधि की व्यस्त जिम्मेदारियों के बीच भी यदि कोई नेता अपनी मिट्टी और खेती से जुड़ा रहे, तो वह लोगों के दिलों में अलग ही जगह बना लेता है।

ऐसा ही प्रेरणादायक दृश्य रविवार को पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र में देखने को मिला, जब सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक गोमती साय धान की रोपाई (बीड़ा) के कार्य में किसान बहनों के साथ खेत में जुटीं और इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात को पूरे मनोयोग से सुना। खेत की हरियाली, किसान बहनों का साथ और प्रधानमंत्री ⏭ शेष पेज 4 पर





#### दिया श्रम व सम्मान का संदेश

धान की निंदाई के दौरान किसान बहनों के साथ बैठकर 'मन की बात' सुनना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसानों के श्रम और ग्रामीण संस्कृति के सम्मान का प्रतीक भी माना जा रहा है।विधायक ने यह संदेश दिया कि खेती केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव है। सोशल मीडिया से लेकर गांव की चौपाल तक, खेत में काम करते हुए विधायक गोमती साय की तस्वीरें और उनका यह अंदाज लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधि यदि अपनी मिट्टी और किसानों के बीच रहकर काम करे, तो जनता का विश्वास और भी मजबूत होता है।

#### रायमुनी भगत ने सुनी पीएम की मन की बात

जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने जशपुर शहर के वार्ड क्रमांक-2 में कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री जी देशवासियों को प्रेरणा देने के साथ-साथ समाज में हो रहे सकारात्मक बदलावों को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।





# प्रतीक गांधी की फिल्म 'घमासान' का टीजर जारी

**मुंबई।** जी5 ने अपनी ओरिजनल फिल्म 'घमासान' का ऐलान किया है, जिसमें प्रतीक गांधी मुख्य किरदार में हैं। तिग्मांशु धूलिया द्वारा निर्देशित इस क्राइम एक्शन-ड्रामा में अरशद वारसी खलनायक 'महाराज' के किरदार में नजर आए हैं। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियो और गोल्डन रेशियो फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। इसकी कहानी मध्य भारत के बीहड़ों की पृष्ठभूमि पर आधारित एक ईमानदार आईपीएस अधिकारी (प्रतीक) और खूंखार डाकू सरगना (अरशद) के बीच आपसी टकराव पर आधारित है। इसका टीजर राजनीति, जातिगत समीकरण, अपराध, डर और सत्ता के दबदबे की झलक प्रस्तुत करता है। इसमें कानून और अपराध के बीच की सीधी टक्कर दिखाई गई है।

लाइफ Style

# साई फिल्म का पहला भाग दिवाली पर

मणिरत्नम की अनाम फिल्म में साई के साथ मुख्य किरदार में विजय सेतुपति नजर आएंगे। हाल ही में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कोलकाता यात्रा का वीडियो साझा करके फैंस के बीच उत्साह जगा दिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रणबीर कपूर की पौराणिक फिल्म 'रामायण' में साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभाती नजर आएंगी। फिल्म का पहला भाग दिवाली, 2026 के अवसर पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगा, जिसका इंतजार हर किसी को है। ताजा खबर है कि अब साई अपनी अगली परियोजना में जुट गई हैं, जिसका निर्माण दिग्गज निर्माता मणिरत्नम कर रहे हैं। फिल्म का नाम तय नहीं है, लेकिन परियोजना का ऐलान इसी साल एक आधिकारिक पोस्ट के जरिए किया गया था।

***विजय सेतुपति के साथ साई ने शुरू की शूटिंग :*** मणिरत्नम की अनाम फिल्म में साई के साथ मुख्य किरदार में विजय सेतुपति नजर आएंगे। हाल ही में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कोलकाता यात्रा का वीडियो साझा करके फैंस के बीच उत्साह जगा दिया। बताया जा रहा है कि साई और विजय शूटिंग के लिए शहर में पहुंचे हैं। हालांकि पहले उन्होंने चेन्नई में कलाकारों के साथ कई कार्यशालाओं में भाग लिया था। इससे पहले फिल्म की शूटिंग जून में होने की खबर भी आई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म को रिलीज से पहले ही बड़ा डिजिटल सौदा मिल चुका है।



## हॉलीवुड मसाला



# एबेनेजर: ए... से आई पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** जॉनी डेप अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जो हॉलीवुड में 8 साल बाद उनकी वापसी का प्रतीक है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने 23 जुलाई को अपनी आगामी फिल्म 'एबेनेजर: ए क्रिसमस कैरल' का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। इसमें वह 'एबेनेजर स्क्रूज' की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जिसकी झलक टीजर में दिखाई गई है। बता दें, जॉनी को आखिरी बार फिल्म 'फैंटास्टिक बीस्ट्स' (2018) में देखा गया था, जिसके बाद से वह सिनेमा से दूर थे।



# फिल्मी पर्दे पर लौटेगी 'हैरी पॉटर' की जादुई दुनिया...

**लॉस एंजिल्स।** जादू और रोमांच की दुनिया में ले जाने वाली लोकप्रिय फ्रैंचाइजी 'हैरी पॉटर' बड़े पर्दे पर फिर लौट रही है। इस हॉलीवुड फ्रैंचाइजी की पहली किस्त 'हैरी पॉटर और फिलॉस्फर्स स्टोन' 2001 में रिलीज हुई, जिसने 25 साल पूरे कर लिए हैं। फिल्म के सिल्वर जुबली वर्ष का जश्न मनाने के लिए वार्नर ब्रदर्स इसे बड़े पर्दे पर दोबारा से ला रहे हैं। दिलचस्प बात ये है कि फ्रैंचाइजी की सभी 8 फिल्में दोबारा से रिलीज की जाएंगी। 'हैरी पॉटर' निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर आधिकारिक पोस्ट साझा किया है, जिसमें बताया गया है कि सीरीज को विश्वस्तर पर दोबारा से रिलीज किया जा रहा है। इसके लिए दर्शक 31 जुलाई से टिकटों को खरीद सकते हैं।



# निर्देशक सुरेश की फिल्म में आएंगी नजर

**मुंबई।** मौनी रॉय को आखिरी बार वरुण धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में देखा गया था। ताजा अपडेट है कि उनके हाथ निर्देशक सुरेश कृष्णा की एक रोमांटिक फिल्म लगी है, जिसमें वह मुख्य किरदार में नजर आएंगी। दरअसल, फिल्म 'रॉकी- द रिबेल' (2006) बनाने के बाद, सुरेश करीब 20 साल बाद एक रोमांटिक फिल्म के जरिए हिंदी निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म का निर्माण प्रेरणा अरोरा करेंगी। एक इंटरव्यू में निर्देशक ने कहा, ऐसी शख्सियत जो मुख्य किरदार के भावनात्मक भार को सहजता, सुंदरता और दृढ़ विश्वास के साथ निभा सके। हम दोनों (मैं और प्रेरणा) को सहज रूप से लगा कि मौनी रॉय इसके लिए आदर्श विकल्प हैं। वह बेहद आकर्षक, सुरुचिपूर्ण और प्रतिभावान हैं।




# 'नागबंधनम' अब ओटीटी पर दी दस्तक...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा की पैन-इंडिया फिल्म 'नागबंधम' इसी महीने 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। करीब 21 दिनों बाद ही निर्माताओं ने इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मौजूद करा दिया है, जिससे लोगों के पीस वीकेंड पर इसका लुत्फ उठाने का खास मौका होगा। फिल्म ने दुनियाभर में 27.16 करोड़ रुपये का ग्रॉस कारोबार किया था। इसका निर्देशन अभिषेक नामा ने किया है, जिसमें विराट कर्ण, नाभा नतेश और ईश्वर्या मेनन मुख्य किरदारों में है। निर्माताओं ने पुष्टि की है कि 'नागबंधनम' 24 जुलाई, 2026 से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होना शुरू हो चुकी है। उन्होंने पोस्ट के साथ में कैप्शन लिखा, 'छिपे हुए खजानों को खोजने का सफर अब शुरू होता है।' ये एक माइथोलॉजिकल फैंटेसी एडवेंचर फिल्म है।


## टीवी मसाला




# 'इंडियन आइडल 16' का ग्रैंड फिनाले आज, नहीं दिखेंगे विशाल ददलानी...

**मुंबई।** कई महीनों के परफॉर्मेंस, इमोशनल पलों और प्रेरणादायक कहानियों के बाद इंडियन आइडल सीजन 16 रविवार, 26 जुलाई को अपने ग्रैंड फिनाले के साथ खत्म होने वाला है। 'यादों की प्लेलिस्ट' थीम पर आधारित यह फिनाले संगीत, पुरानी यादों और जश्न से भरी शाम का वादा करता है, जिसमें छह फाइनलिस्ट में से कोई एक इंडियन आइडल की शानदार ट्रॉफी जीतेगा। हालांकि, 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड फिनाले में विशाल ददलानी नहीं दिखेंगे। उन्होंने खुद इसके पीछे की वजह भी बताई है। अंशिका चोनकर, ज्योतिर्मयी नायक, मनराज वीर सिंह, मायस्मे बोसू, सुहैल सूफी और तनिष्क शुक्ला ने पूरे सीजन में जजों और दर्शकों को प्रभावित करने के बाद कॉम्पिटिशन में जगह बनाई है। जज विशाल ददलानी, श्रेया घोषाल और बादशाह ने पूरे कॉम्पिटिशन के दौरान कंटेस्टेंट का मार्गदर्शन किया है, जबकि होस्ट आदित्य नारायण ने शो को हर पड़ाव पर आगे बढ़ाया है। ग्रैंड फिनाले में कई खास मेहमान भी शामिल होंगे। श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ जश्न मनाने के लिए उषा उत्थुप, उदित नारायण, पापोन, कुमार सानू, शहनाज गिल और उर्मिला मातोंडकर भी आएंगे, जिससे फिनाले और भी शानदार होने वाला है। विशाल लंबे समय से विवादों में बने हुए हैं और अब शो में अपनी गैरमौजूदगी के कारण चर्चा में हैं। जी हां, विशाल ददलानी इस शो के फिनाले में नजर नहीं आएंगे।


## 'नागिन 7' के लिए प्रियंका ने 12 घंटे की थी लगातार शूटिंग



**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने हाल ही में एकता कपूर की सुपरनैचुरल फैंटेसी सीरीज 'नागिन 7' में लीड रोल निभाकर लोगों का दिल जीता था। सीजन खत्म होने के बाद फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे कि फिल्ममेकर-कोरियोग्राफर फराह खान अपने पॉपुलर व्लॉग के लिए प्रियंका के घर कब जाएंगी। आखिरकार यह इंतजार खत्म हो गया। फराह के लेटेस्ट व्लॉग में प्रियंका ने 'नागिन 7' साइन करने को लेकर अपनी शुरुआती हिचकिचाहट के बारे में बात की और बताया कि कैसे उन्होंने 'बैटलग्राउंड' और शो के बीच तालमेल बिठाते हुए 12 घंटे की लंबी शिफ्ट में काम किया। प्रियंका ने बताया कि उन्होंने शुरू में 'नागिन' के लिए मना कर दिया था। उन्होंने याद करते हुए कहा, 'एकता मैम ने मुझे बिग बॉस हाउस के अंदर ही नागिन का ऑफर दिया था। बाद में उन्होंने मुझे बताया कि जब दिवाकर बनर्जी कंटेस्टेंट्स को चुन रहे थे तो उन्होंने खास तौर पर उनसे कहा था कि मुझे एलिमिनेट न करें, क्योंकि वह मुझे किसी और चीज के लिए रखना चाहती थीं।

# 'राणाबाली' के लिए दिन-रात पसीना बहा रहे देवरकोंडा

**मुंबई।** विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म 'राणाबाली' को लेकर खूब चर्चा बटोर रहे हैं। इस पीरियड ड्रामा में उनके साथ रश्मिका मंदाना मुख्य किरदार में नजर आएंगी, जिसका टीजर साल की शुरुआत में आया था। हालिया अपडेट में बताया गया है कि विजय अपनी इस फिल्म के लिए कड़े प्रशिक्षण ले रहे है, जिसमें घुड़सवारी, हथियार और युद्ध कला कौशल भी शामिल है। अभिनेता द्वारा यह कड़ा प्रशिक्षण पर्दे पर बिल्कुल असली एक्शन दिखाने के लिए किया जा रहा है। एक इंटरव्यू में एक सूत्र ने कहा, इस भूमिका के लिए विजय ने गहन तैयारी में खुद को पूरी तरह से झोंक दिया। उन्होंने घुड़सवारी के मुश्किल प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया, नियंत्रण और फुर्ती में महारत हासिल की, साथ ही साथ हथियार चलाना, बंदूक चलाना और नकली गोलीबारी के प्रभावों के बीच अभिनय करना सीखा, और यह सब उन्होंने घोड़े पर सवार रहते हुए किया। उन्होंने बताया कि अभिनेता ने गहन शारीरिक परिवर्तन भी अपनाया है।




### 11 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी 'राणाबाली'

राहुल सांकृत्यान द्वारा निर्देशित पैन इंडिया फिल्म 'राणाबाली' इसी साल 11 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सूत्र ने बताया कि घुड़सवारी, उन्नत युद्ध तकनीक, हथियार चलाने का कौशल और एक गहन फिटनेस कार्यक्रम को मिलाकर, विजय ने खुद को नई सीमाओं तक पहुंचाया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर फ्रेम फिल्म के पैमाने और दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसके अलावा, उनकी आने वाली फिल्मों में 'राउडी जनार्दन' और 'वीडीएक्स शोरयुव' शामिल हैं।

# 'ओह माय डॉग' पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची, 7 बदलावों के बाद दिया प्रमाणपत्र

**मुंबई।** निर्देशक अमित राय की फिल्म 'ओह माय डॉग' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। पंकज त्रिपाठी अभिनीत इसका ट्रेलर इसी हफ्ते यूट्यूब पर जारी किया गया था, जिसे लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। ताजा अपडेट है कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने कुछ बदलावों के बाद इसकी रिलीज को हरी झंडी दिखा दी है। साथ में यू/ए रेटिंग के साथ प्रमाणपत्र भी दिया है, जिसके चलते कम उम्र के दर्शक फिल्म को माता-पिता के मार्गदर्शन में देख सकेंगे।

***फिल्म में संशोधन करने का निर्देश :*** बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, सेंसर बोर्ड ने फिल्म की जिन सामग्री पर आपत्ति जताई, उनमें 'ट्रूकॉलर' और 'डेटॉल' जैसे ब्रांडों के नाम शामिल है। एक अपशब्द को हटाया गया है। कुत्ते से जुड़े




एक दृश्य को 2 सेकेंड छोटा किया गया है, जबकि एक अन्य दृश्य में भगवान हनुमान के फोटो फ्रेम को धुंधला किया गया है। बोर्ड ने टीम को 2 अस्वीकरण जोड़ने का भी निर्देश दिया है, जिनमें से एक बाल श्रम और दूसरा मानव तस्करी पर है।

***बोर्ड के फैसले का निर्देशक ने किया सम्मान :*** एक इंटरव्यू में निर्देशक ने बोर्ड के निर्देश को व्यवहारिक बताया और कहा कि इस बार जिस तरह से काम हुआ है उससे वह खुश हैं। उन्होंने कहा, मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने मुझे ऐसे कट दिए हैं जो व्यवहारिक हैं। दरअसल, उनकी पिछली फिल्म 'ओएमजी 2' (2023) को लगभग 85 संशोधनों के बाद 'ए' प्रमाणपत्र दिया गया था। 'ओह माय डॉग' इस फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी है, जो 31 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अपूर्वा मुखीजा ने 'लॉक अप 2' में आते ही श्रद्धा को घेरा

**मुंबई।** अपूर्वा मुखीजा ने 'लॉक अप 2' में वाइल्डकार्ड बनकर एंट्री ली और बिना देर किए श्रद्धा को 2 मुंहा करार दिया। खाने की मेज पर माहौल तब गरमा गया, जब अपूर्वा ने श्रद्धा का एक वायरल वीडियो सामने रखा। यह वीडियो टायला के मुंबई कॉन्सर्ट का था, जहां श्रद्धा एक लड़के के कंधों पर नाच रही थीं। यह वीडियो पहले से ही इंटरनेट पर काफी चर्चा बटोर रहा था। श्रद्धा ने बताया कि वीडियो में जो लड़का था, वह उनके परिवार का हिस्सा था, कोई अनजान इंसान नहीं था। उनके बॉयफ्रेंड ऋषभ ने भी श्रद्धा का साथ दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए कहां कि उन्हें अपनी प्रेमिका पर पूरा भरोसा है और उन्हें कभी भी उन पर शक करने की कोई वजह नहीं मिली। उन्होंने लोगों से श्रद्धा को नफरत भरे मैसेज भेजना बंद करने की अपील भी की।



# अगर नहीं देखीं मणिरत्नम की ये फिल्में, तो ओटीटी पर आज ही लें मजा

***मुंबई।*** *भारतीय सिनेमा के दिग्गज निर्देशक मणिरत्नम अपनी शानदार कहानी कहने की शैली और यादगार फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने अपने लंबे करियर में कई ऐसी फिल्में बनाई हैं, जिन्हें दर्शकों और समीक्षकों दोनों का भरपूर प्यार मिला। उनकी फिल्मों में दमदार कहानी, बेहतरीन निर्देशन और शानदार अभिनय का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है। ऐसे में आइए जानते हैं मणिरत्नम की उन बेहतरीन फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।*

### 'पोन्नियिन सेल्वन 1,2' और 'बॉम्बे'

निर्देशक मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन' का पहले और दूसरे भाग को लोगो ने खूब पसंद किया था। इसमें ऐश्वर्या राय, विक्रम, कार्ति, जयम रवि, तृषा, शोभिता धूलिपाला और प्रकाश राज मुख्य भूमिका में हैं। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। फिल्म 'बॉम्बे' मुंबई दंगों और हिन्दू मुस्लिम की शादियों पर बनी है। इस फिल्म को हिंदी के साथ-साथ तेलुगु और मलयालम में भी रिलीज किया गया था। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### 'रोजा' और 'दिल से'

फिल्म 'रोजा' के निर्देशक मणिरत्नम हैं। अरविंद स्वामी और मधु की इस फिल्म की कहानी से लेकर गाने तक सुपरहिट हुए थे। इस फिल्म ने 1995 में बंपर कमाई की थी। इसका लुफ्त आप प्राइम वीडियो पर ले सकते हैं। फिल्म 'दिल से' एक हिट मूवी साबित हुई थी। इसमें शाहरुख खान, मनीषा कोइराला और प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में थे। इस सुपरहिट फिल्म को आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।



### 'गुरु'

साल 2007 में रिलीज हुई मणिरत्नम की फिल्म 'गुरु' में ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म के साथ-साथ दोनों की जोड़ी को भी लोगों ने खूब पसंद किया था। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

# रणबीर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' दिवाली पर

*__मुंबई।__ रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह है और इससे बॉक्स ऑफिस पर बड़े रिकॉर्ड बनाने की उम्मीद की जा रही है।*



## खबर संक्षेप



### सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल में स्टूडेंट कैबिनेट का गठन, पदाधिकारियों ने ली शपथ

**अम्बिकापुर।** विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना का विकास करने के उद्देश्य से सनराइज हायर सेकेंडरी स्कूल में स्टूडेंट कैबिनेट का गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनियुक्त छात्र-छात्राओं ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक एफडी खान व प्राचार्य अभिजीत दासगुप्ता व उप प्राचार्य अजहरुद्दीन खान उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्र पदाधिकारियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्हें ईमानदारी, अनुशासन एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की स्टूडेंट कैबिनेट में जुनैद खान एवं राजेंद्र पिल्लई को स्कूल हेड बॉय, जबकि सादिया परवीन एवं आफरीन नाज को स्कूल हेड गर्ल का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन आरती कश्यप, तौसीफ रजा, फरहाना परवीन एवं सालेहा परवीन ने संयुक्त रूप से किया।

### रविन्द्रनगर में किसानों की कृषि आय दुगुनी करने सिखाई नई खेती की तकनीक



**विश्रामपुर।** किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम रविंद्रनगर में कृषि विभाग द्वारा जागरूकता एवं कृषि सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को रियायती दर पर अरहर एवं उड़द का उन्नत बीज तथा स्प्रे टंकी वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी देते हुए दो फसली प्रणाली अपनाने की सलाह दी। किसानों को बताया गया कि यदि गेंदा फूल की खेती के साथ अरहर की फसल लगाई जाए तो एक ही खेत से दो प्रकार की उपज प्राप्त कर आय में बढ़ोतरी की जा सकती है। अधिकारियों ने किसानों को समझाया कि चार लाइन गेंदा फूल लगाने के बाद एक लाइन अरहर की बुवाई करने से भूमि का बेहतर उपयोग होता है, फसल की उत्पादकता बढ़ती है और किसानों को दोहरा आर्थिक लाभ मिलता है। साथ ही अरहर की फसल मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में भी सहायक होती है, जिससे अगली फसल का उत्पादन भी बेहतर होता है। इस अवसर पर श्रीमती रजनी पैकरा, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई लाल विश्वास, पंच गंगा विश्वास, सुवेंदु चटर्जी, अमित ठाकुर, गोपाल विश्वास, तारक सरकार, तपन बैरागी, संजू देवनाथ, गोविंद विश्वास व अन्य उपस्थित रहे।

### विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**सूरजपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजस बसदेई में वरिष्ठ नागरिक संघ एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में फलदार, छायादार एवं बागवानी से संबंधित पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों व बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता रही।इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक संघ एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक संचालक शिक्षा अजय सिंह ने शासन की महत्वाकांक्षी पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान की जानकारी देते विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र को हरित बनाने के लिए अधिकाधिक पौधरोपण कर नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अनिल गोयल, एसके तिवारी, पवन कुमार सिंह, आरएस मिश्र, एसएल भारती, विश्वनाथ साहू, रामचंद्र सोनी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### उपकरणों एवं अभिलेखों को सुरक्षित करने में व्यस्त रहे स्वास्थ्यकर्मी

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कमरों में भरा बारिश का पानी, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

तीन दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बारिश का पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मी पूरी रात सामानों को व्यवस्थित करने में लगे रहे। शासन द्वारा पुराने भवन के पास ही नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण किया गया है लेकिन लोकार्पण नहीं होने के कारण स्वास्थ्य केंद्र का संचालन पूर्ववत हो रहा है। नया भवन बनने के बाद विभाग ने पानी निकासी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर ध्यान देना बंद कर दिया है। नवीन भवन के निर्माण के दौरान सड़क पर रखी रेत-गिट्टी सहित अन्य मलबा लम्बे समय तक पड़े रहने एवं लोगों का नियमित आवागमन होने के कारण सड़क की ऊंचाई बढ़ गई है साथ ही पानी निकासी बंद हो गया है। बारिश के दौरान भी इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। नतीजा हुआ कि रात में बारिश का पानी अचानक स्वास्थ्य केंद्र के सभी कमरों में भर गया। अस्पताल परिसर एवं स्वास्थ्य केंद्र के कमरों के जलमग्न होने के कारण वार्ड में भर्ती प्रसूताओं एवं अन्य मरीजों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। स्वास्थ्य केन्द्र के हॉल, मुख्य कॉरीडोर, कम्प्यूटर कक्ष, प्रसव कक्ष, महिला एवं पुरूष वार्ड स्टोर सहित अन्य कक्षों में पानी भरने के कारण काफी देर तक उपचार सहित अन्य कार्य बाधित रहे। रात्रिकालीन ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक, स्टाफ नर्स एवं अन्य कर्मचारियों ने पानी के बीच खड़े रहकर अपनी सेवाएं दी। स्वास्थ्य केंद्र में पानी भरने के कारण कर्मचारी उपकरणों, कम्प्यूटर सिस्टम, गोदाम में रखे दवाओं के कार्टून विभाग के आवश्यक अभिलेखों को व्यवस्थित करने में घंटों व्यस्त रहे। स्थिति बिगड़ती देख कर्मचारियों ने कमरों में भरे पानी को निकालने की कोशिश करते रहे लेकिन लगातार बारिश होने के कारण स्थिति यथावत बनी रही। इस दौरान स्टोर में पानी भरने के कारण दवाओं के खराब होने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्यकर्मियों ने पानी निकालने की असफल कोशिश करते रहे। कमरों में पानी भरने से विभाग को भारी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

**खास बातें**

- पानी के बीच गर्भवती प्रसूता महिलाओं ने गुजारी रात
- नवीन भवन निर्माण का मलबा जमा होने के कारण अस्पताल में भरा पानी



अस्पताल के कमरे में भरा पानी।

**संक्रमण फैलने का खतरा**

वर्षा का पानी प्रसव कक्ष एवं वार्डों में भरने के कारण मरीजों, गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं में संक्रमण फैलने के डर से दहशत की स्थिति निर्मित हो गई। भर्ती मरीजों के वार्डों में संक्रमण से बचाव के लिए साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाती है। स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्था पर परिजन ने सवाल उठाया है तथा बदहाली पर नाराजगी जताई है। लम्बे समय तक वार्डों में जलभराव होने पर मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। परिजन का कहना है कि इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को बरसात के पानी एवं गंदगी से जूझना पड़ रहा है। प्रसव कक्ष एवं वार्डों में बरसात का पानी भरना प्रबंधन की कार्यप्रणाली को उजागर कर रहा है। विभाग द्वारा जल निकासी की व्यवस्था समय पर कर लिया गया रहता तो इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं होती।

**निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल**

अस्पताल भवन के निर्माण के दौरान लोनिवि के अधिकारियों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी कई बार निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। ठेकेदार भी बीच-बीच में निर्माण स्थल पर मौजूद रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी भी रोज निर्माण स्थल से आना-जाना करते रहे। हैरानी की बात है कि इस लम्बी अवधि में किसी के भी ध्यान में जल निकासी की व्यवस्था को दुरूस्त करने की बात नहीं आई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काफी पुराना है तथा भवन जर्जर हो गया है। लम्बे समय तक स्वास्थ्य केंद्र परिसर एवं कमरों में पानी भरने से भवन के क्षतिग्रस्त होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

**प्रभारी को दिए है निर्देश**

सड़क पर निर्माण सामग्री का मलबा जमा होने से सड़क ऊंची होने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हुई। प्रभारी बीएमओ को जल निकासी की व्यवस्था तत्काल दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य केंद्र भवन में भरा पानी निकाल दिया गया है।

-डॉ.विजय चौहान
बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ओड़गी

## गो सम्मान आह्वान अभियान का दूसरा चरण 27 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

गोमाता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान को लेकर चल रहे देशव्यापी गो सम्मान आह्वान अभियान के दूसरे चरण की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अभियान के तहत 27 जुलाई को देशभर के सभी जिलों से 15 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों वाले प्रार्थना-पत्र राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम संबंधित जिलाधिकारियों के माध्यम से सौंपे जाएंगे। अभियान के आयोजकों के अनुसार पिछले छह माह से देशभर में जनजागरण और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। इसके माध्यम से गोहत्या-निषेध के लिए केंद्रीय कानून, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा गो-केंद्रित राष्ट्रीय नीति सहित 30 से अधिक मांगें सरकार के समक्ष रखी जा रही हैं। आयोजकों ने बताया कि पहले चरण में 27 अप्रैल 2026 को देश की लगभग 5,000 तहसीलों से 5 करोड़ से अधिक हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना-पत्र सौंपे गए थे। अब मांगों पर अपेक्षित निर्णय नहीं होने के कारण दूसरे चरण में 15 करोड़ से अधिक हस्ताक्षरों के साथ अनुस्मारक प्रार्थना-पत्र सरकार को भेजे जाएंगे।

**सूरजपुर मुख्यालय में सुबह 8 बजे से होगा कार्यक्रम**

जिला प्रभारी के अनुसार सूरजपुर में कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सभी गोभक्तों से सुबह 7:30 बजे तक रंगमंच मैदान पहुंचने की अपील की गई है। सुबह 8 बजे गोमाता पूजन, शंखनाद और श्री राम जय राम जय जय राम विजय मंत्र के सामूहिक जप के बाद शांतिपूर्ण प्रार्थना यात्रा जिलाधिकारी कार्यालय के लिए रवाना होगी।यात्रा में भगवान श्रीकृष्ण-बलराम का स्वरूप, गोमाता-बछड़े की झांकी, अभियान के बैनर-प्लेकार्ड तथा हस्ताक्षर अभियान का प्रतीकात्मक प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके बाद संत-महात्माओं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा गणमान्य नागरिकों के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन और प्रार्थना-पत्र सौंपा जाएगा।




## बीरपुर में एग्री स्टेक शिविर

**बिश्रामपुर।** खरीफ सीजन में किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से सुरक्षित रखने और कृषि सेवाओं को डिजिटल रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्राम बीरपुर के पंचायत भवन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम एवं एग्री स्टेक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर अपनी फसलों का बीमा कराने और एग्री स्टेक से जुड़ी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की। कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, सूखा, ओलावृष्टि तथा अन्य विपरीत परिस्थितियों में फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई का महत्वपूर्ण माध्यम है।

अधिकारियों ने किसानों को समय रहते बीमा कराने की सलाह देते हुए कहा कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें, ताकि किसी भी तकनीकी या दस्तावेजी समस्या के कारण योजना के लाभ से वंचित न होना पड़े। शिविर में सरपंच चंद्रभान सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी हेमन्त सिंह ओरकरा, उद्यान विस्तार अधिकारी अनुप्रिया बड़ा, हल्का पटवारी मनोज यादव, पंचायत सचिव अरुण साहू, किसान मित्र मुन्ना राजवाड़े तथा सीएससी कर्मचारी पवन बर्मन की मौजूदगी में किसानों का फसल बीमा एवं एग्री स्टेक से संबंधित कार्य संपन्न कराया गया।अधिकारियों ने किसानों को योजना की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया और बीमा के लाभों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही एग्री स्टेक के माध्यम से किसानों के डिजिटल कृषि रिकॉर्ड तैयार करने और भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक पारदर्शी एवं सरल तरीके से उपलब्ध कराने की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों से अपील की गई कि वे निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं, ताकि किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा मिल सके और सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का पूरालाभ प्राप्त हो।

## माझी समाज से छात्रा विमला ने नीट में हासिल की सफलता, स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मानित

**अंबिकापुर।** मैनपाट ब्लॉक के सरभंजा संकुल अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय जूनाडीह की पूर्व छात्रा कु. विमला माझी पिता ने नीट परीक्षा सफलता हासिल कर विद्यालय सहित पूरे विकासखंड का नाम रोशन किया है। कु. विमला माझी ने प्रारंभिक शिक्षा शासकीय प्राथमिक शाला जूनाडीह से ही प्राप्त की है। प्राथमिक शाला जूनाडीह के प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक काजेश कुमार घोष एवं उनके सहायक ईश्वर कुजूर ने विमला मांझी को विद्यालय मे आमंत्रित कर साल श्रीफल देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान समन्वयक श्री घोष के आग्रह पर विमला ने शाला के बच्चों को सफलता प्राप्त करने की टीप दी। वर्तमान मे विमला मांझी के भाई मुकेश इसी विद्यालय मे अंशकालीन स्विपर के पद पर कार्यरत है जबकि माता-पिता कृषि मजदूर है।



## ओपीएस में सीबीएसई हैण्डबॉल स्पर्धा के तीसरे दिन नॉकआउट मुकाबले

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई फॉर ईस्ट जोन हैंडबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न आयु वर्गों के नॉकआउट मुकाबले हुए। अंडर-17 बालक वर्ग में सात रोमांचक मैच खेले गए, जिनमें आदर्शिला विद्या मंदिर कोनी-बिलासपुर, एचएम एकेडमी जगदलपुर, विकास रेजिडेंशियल स्कूल, बड़गढ़, सेंट जेवियर हाई स्कूल क्योंझर, केसी पब्लिक स्कूल ब्रम्हापुर, डीएवी पब्लिक स्कूल मधुकुंडा तथा ईएमआरएस मैनपाट की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में प्रवेश के लिए कड़ा संघर्ष किया। अंडर -19 बालक वर्ग में भी सात मुकाबले खेले गए जिसमें केसी पब्लिक स्कूल ब्रह्मापुर, साउथ प्वाइंट हाई स्कूल कोलकाता, आदर्शिला विद्या मंदिर कोनी-बिलासपुर, विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय, गोलाघाट, ज्ञान विकास स्कूल गंजम, एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, करंजिया तथा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कल्याणपुर की टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया।अंडर-14 बालिका वर्ग में तीन मुकाबले हुए जिनमें द ग्रेट इंडिया पब्लिक स्कूल रायपुर, विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय गोलाघाट, ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल अम्बिकापुर, उत्तर इंटरनेशनल स्कूल रायगढ़ की टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल अम्बिकापुर, आर्मी पब्लिक स्कूल गोपालपुर एवं सेंट जेवियर हाई स्कूल क्योंझर की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान सीबीएसई के खेल आब्जर्वर संतोष बेहुरा उपस्थित थे।



# करवां मिडिल स्कूल परिसर में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वन परिक्षेत्र राजपुर के गोपालपुर सर्किल क्षेत्र स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करवा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वैदिक एवं औषधीय महत्व वाले मौलश्री, पीपल, बरगद, आम, आंवला, जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के 500 पौधों का रोपण किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण के साथ-साथ पौधों की देखभाल भी आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन महोत्सव के माध्यम से लोगों को हरित पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधे भविष्य में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण भी उपलब्ध कराएंगे।

इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, उप वनमंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव, वन परिक्षेत्राधिकारी एच वर्मा, डिप्टी रेंजर अमित प्रताप सिंह, सुशील सिंह, रंजीता मिंज, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**प्रतापपुर।** देर रात पत्नी के भाई के लिए तम्बाकू लेने गया युवक गांव में अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर हो गया। युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के एक दिन बाद मृतक की पहचान हो सकी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम बेकोना निवासी बाबूलाल आ. सूबेदार पनिका (39 वर्ष) के घर में जन्मदिन का कार्यक्रम था। जन्म दिन पर बाबूलाल का साला बबलू अपनी पत्नी के साथ कार्यक्रम में शामिल होने आया था। जन्मदिन मनाने के बाद देर रात बबलू घर जाने की तैयारी करने लगा और जीजा बाबूलाल से तम्बाकू की व्यवस्था करने की बात कही। रात लगभग 1 बजे बाबूलाल गांव में तम्बाकू लेने चला गया और जब काफी देर बाद वापस नहीं लौटा तो बबलू भी पत्नी के साथ अपने घर चला गया। दूसरे दिन बबलू बहन के घर आया तो पता चला कि देर रात से निकाला उसका जीजा घर नहीं आया है। इसी बीच बबलू पत्नी की तबियत खराब होने पर प्रतापपुर अस्पताल गया तो वहां गांव का सरपंच मिला जिससे पता चला कि बैकोना चौक के समीप वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है जहां घायल की मौत हो गई है।

## सैनिक स्कूल में अंतर सदनीय वॉलीबॉल स्पर्धा का समापन

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में आयोजित अंतर-सदनीय प्रतियोगिता का समापन शनिवार को किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न सदनों के कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में कैरियप्पा हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। जूनियर वर्ग में तेजस हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता का स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में उप प्राधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.पी श्रीनिवास ने विजेता एवं उपविजेता हाउस को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सहयोग की भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास करती है। खेल केवल शारीरिक क्षमता का विकास नहीं करती बल्कि कैडेट्स में नेतृत्व, निर्णय लेने की क्षमता और टीम के साथ मिलकर कार्य करने की भावना भी विकसित होती है।



## भगवान जगन्नाथ महाआरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर में संस्कार भारती, जिला इकाई के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ के श्रीचरणों में समर्पित भव्य महाआरती एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुआ। इसके पश्चात क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों ने आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भजन-कीर्तन में कल्याण मंडल की पूरी टीम ने अपनी मधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति के दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा और श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में लीन रहे। कार्यक्रम की एक विशेष आकर्षण पर्यावरण संरक्षण को समर्पित पारंपरिक व्यवस्था रही। श्रद्धालुओं को प्रसाद केले के पत्तों में परोसा गया तथा पेय पदार्थ मिट्टी के कुल्हड़ों में दिए गए। लोगों ने कहा कि भारतीय परंपरा के अनुरूप इस प्रकार की व्यवस्था न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर नगरवासियों ने कहा कि नगर में विशाल, अनुशासित एवं सांस्कृतिक आयोजन सराहनीय है। लोगों ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहेंगे, जिससे समाज में भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस दौरान शैलेश गुप्ता, अशोक जायसवाल, सुनील गुप्ता, विकास दुबे, शर्मिला गुप्ता, पार्षद विजय रावत, सुमित गुप्ता, ओमप्रकाश जायसवाल, सरोज जायसवाल, अजीत गुप्ता विकास दुबे, विजय रावत, कृष्ण गुप्ता, सरोज जायसवाल, जयप्रकाश, अंजय मेहता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## छात्र की हत्या के मामले में अब तक नहीं मिला सुराग

**अम्बिकापुर।** घर से खेलने के लिए निकले छात्र की हत्या के मामले अब तक कोई अहम सुराग नही मिल पाए है। फिलहाल यही जानकारी सामने आई है कि छात्र घटना दिवस की देर शाम क्रिकेट खेलते देखा गया था उसके बाद वह जंगल में कैसे पहुंचा इसकी जानकारी नहीं है। इस बीच पुलिस ने छात्र के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बता दें कि उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम सलका निवासी 15 वर्षीय छात्र वीरेंद्र कंवर सलका हाईस्कूल में कक्षा नौवीं का छात्र था। छात्र स्कूल से आने के बाद गुरुवार की शाम को घर से खेलने के नाम पर निकला था लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। छात्र के घर नहीं आने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान शुक्रवार की सुबह कुछ लोग टिहरी पर्वत पर योग करने गए हुए थे जहां उन्होंने शव देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी।









**खबर संक्षेप**

## स्कूली बच्चों को वितरित किए गए छाते

**चंद्रपुर।** नगर के व्यवसायी हनुमान प्रसाद एंड संस द्वारा चंद्रपुर के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के बीच उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर एसबीएस पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर, शासकीय प्राथमिक शाला चंद्रपुर तथा शासकीय प्राथमिक शाला शशिपुरए चंद्रपुर के विद्यार्थियों को बरसात को ध्यान में रखते हुए छाते तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलर सेट एवं कलर बुक वितरित किए गए।

## उद्यानिकी महाविद्यालय में मना कारगिल विजय दिवस

**जशपुरनगर।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुनकुरी में कारगिल विजय दिवस पर डॉ दीपक कुमार जायसवाल ,राष्ट्रीय सेवा योजना- कार्यक्रम समन्वयक के मार्गदर्शन में कारगिल में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 श्रम सेवकों ने भाषण, गीत, रांगोली इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन कर देश की रक्षा में अपनी सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों को याद किया।डॉ दयासागर ने छात्रों को भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। महाविद्यालय की शिक्षिका डॉ नूपुर जायसवाल द्वारा कारगिल में योगदान दिय बलिदानियों का संक्षिप्त बिन्दु वार परिचय समस्त छात्रों के मध्य रखा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य शिक्षक डॉ कृष्णा गुप्ता, रवि कुमार और सभी विद्यार्थियों उपस्थित रहे।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### गौ मांस बांटते ...

अमलेश तिग्गा पिता लिखन तिग्गा उम्र 32 साल साकिन बैगाबहार कोतबा चौकी कोतबा थाना बागबहार जिला जशपुर छ.ग., 06.हीरा लाल तिर्की पिता स्वः रतीराम तिर्की उम्र 45 साल साकिन बैगाबहार कोतबा चौर्क कोतबा थाना बागबहार जिला जशपूर छ.ग., मनमोहन तिग्गा पिता स्वः मेघनाथ तिग्गा उम्र 32 साल साकिन रोकबहार चौकी कोतबा थाना बागबहार जिला जशपुर छ.ग., अबाहम कुजुर पिता स्वः बेनेदिक कुजुर उग्र 31 साल साकिन रोकबहार चौकी कोतबा थाना बागबहार जिला जशपूर छ.ग, संजय तिग्गा पिता स्वः लाल साय तिग्गा उम्र 26 साल हाइ स्कुल पारा कातबा चौकी कोतबा थाना बागबहार जिला जशपूर छ.ग., अनप भगत पिता दशय राम भगत उम्र 21 साल हाई सकल पारा कोतबा चौकी कोतबा थाना बागबहार जिला जशपूर छ.ग.। पकड़े गए सभी 10 आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 5, 6 और 10 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फिलहाल आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है ताकि इस मामले में संलिप्त किसी भी अन्य संभावित नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके। इलाके में तनाव फैलने से पहले ही त्वरित कार्रवाई कर शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों को सड़क पर पैदल निकालकर कड़ा संदेश देने में पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। इस पूरे ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने में थाना प्रभारी आशीष तिवारी के कुशल नेतृत्व में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश यादव, अपलेजर खेस, प्रधान आरक्षक अजय खेस, छविकांत पैंकरा, संजय लकड़ा, आरक्षक प्रवीण खलखो, सुशील तिर्की, अमित, रघुराज रजक, जेम्स एडवर्ड और महिला आरक्षक जया पैंकरा का सराहनीय योगदान रहा। चौकी प्रभारी कोतबा ब्रजेश यादव बताया कि मामले में 10 आरोपियों को रंगे हाथों 2 साल के बछड़े की हत्या कर मांस बांटते हुए पकड़ा गया है। जिसके पास से एक मोटरसाइकिल से 15 किलो व अन्य के घरों व अलग अलग स्थानों से जप्ती कर कुल 55 किलो गौ मांस जप्त किया गया है साथ ही घटना में प्रयुक्त हथियार 2 नग टांगी छुरी चाकू व नगद 2000/- रुपए जप्त कर सभी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 5, 6 और 10 के तहत अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### प्रेरणादायी विचारों ...

के प्रेरक विचार इन तीनों का अनूठा संगम क्षेत्र के लोगों के लिए चर्चा का विषय बन गया। इस दौरान विधायक गोमती साय ने कहा कि "खेत की मिट्टी से जुड़े रहकर देश और समाज के लिए प्रेरणादायी विचारों को सुनना एक सुखद अनुभव है। श्रम, सेवा और राष्ट्रहित का यह सुंदर संगम सदैव नई ऊर्जा और प्रेरणा देता है। खेत की मिट्टी से जुड़ी यह तस्वीर एक बार फिर साबित करती है कि जनसेवा और खेती-किसानी साथ-साथ चल सकती है, और यही सादगी किसी भी जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी ताकत होती है।

**5 संभाग से कुल 240 खिलाड़ी और 35 से अधिक कोच मैनेजर हुए शामिल**

# जशपुर में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 जुलाई तक जशपुर जिले के स्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में किया गया है। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ जशपुर विधायक रायमुनी भगत द्वारा ध्वजारोहण एवं टीमों को सलामी के साथ किया गया जिसमें 05 संभागीय मुख्यालय के 160 बालक एवं 80 बालिकाओं सहित कुल 240 खिलाड़ी एवं 35 से अधिक कोच एवं मैनेजर शामिल रहे।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता क्रे उद्घाटन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत नगर पालिका उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव राजा सोनी संतोष सिंह एवं डिप्टी कलेक्टर खेल अधिकारी समीर बड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार सिन्हा गणमान्य नागरिकों के गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने और अपने जिले राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर रोशन करने के लिए कहा। नगर पालिका अध्यक्ष श्री भगत ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज हम सब के लिए खुशी की बात है कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कराने का अवसर मिला है। पिछले वर्ष भी 25 वां राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया था। जशपुर में खिलाड़ियों के लिए अच्छा हॉकी खेल का मैदान बनाया गया है ताकि खिलाड़ियों को खेलने के साथ अभ्यास का भी लाभ मिल सके।



## भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

कुनकुरी। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) मंडल कुनकुरी के अध्यक्ष रंजीत सोनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रविवार को थाना कुनकुरी पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने की शिकायत दर्ज कराई।

कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषी के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई की मांग की। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि इंस्टाग्राम के एक सोशल मीडिया अकाउंट से जिसका नाम मंशुल लकड़ा, ने प्रधानमंत्री के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पोस्ट और स्टोरी साझा की गई है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रंजीत सोनी, जिला उपाध्यक्ष नितेश पारीक, दीपक हेडा,आकाश वाजपेई, अभिषेक अग्रवाल, कृष्णा साहू, निशांत यादव, लविश गुप्ता, संतोष यादव, अमन वर्मा, निहाल ताम्रकार, मोहित बंग, नीतिश शर्मा, संजय सिंह, पंकज साहू, रवि चौहान एवं समीर-उल-हक (चिंटू) सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आवेदन थाना कुनकुरी में 26 जुलाई को सौंपा गया।

## एमआरएमए पहल 2.0 के अंतर्गत हितधारक परामर्श बैठक



जशपुरनगर। एमआरएमए (डत्ड।) पहल 2.0 के अंतर्गत जशपुर में एक परामर्श बैठक का आयोजन किया गया।

डॉ. निधि सुखीजा, वैज्ञानिक-बी, केंद्रीय रेशम बोर्ड, केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीएसबी-सीटीआरटीआई), राँची तथा श्री श्याम कुमार, सहायक संचालक, रेशम, जशपुर के समन्वय में किया गया। बैठक में अजय राय (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी), सुरबाला पैकरा (सहायक उद्यान अधीक्षक), जेवियर टोप्पो (फील्ड ऑफिसर, रेशम) तथा उषा पैकरा (फील्ड मैन) की विशेष सहभागिता रही। बैठक में कुल 28 हितधारकों, जिनमें तसर कृषक, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं क्षेत्रीय कार्मिक शामिल थे, ने सहभागिता की। बैठक के दौरान सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (च्तंजपबपचंजवतल त्नतंस ।चचतंपेंसदृच्त्।द्ध के माध्यम से कृषकों की आवश्यकताओं, समस्याओं एवं प्राथमिकताओं का आकलन किया गया। साथ ही क्षेत्र का आधारभूत सर्वेक्षण भी संपन्न किया गया।

### देव पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल का गठन

**जशपुरनगर।** देव पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी और टीम भावना विकसित करने के उद्देश्य से शनिवार को स्टूडेंट काउंसिल का गठन किया गया। विद्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण पदों के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर ओम प्रकाश सिन्हा ने कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करने का नाम नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदारी, अनुशासन, सहयोग और दूसरों के प्रति सम्मान की भावना से जुड़ा हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। विद्यालय के उप प्राचार्य एरिक सोरेंग ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्टूडेंट काउंसिल विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन में नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता सीखने का अवसर प्रदान करती है।

### गायत्री शक्तिपीठ में रखा गया पुरस्कार वितरण समारोह

**जशपुरनगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार, के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया एवं जिला स्तर एवं विकासखंड जशपुर में 5वीं से 12वीं एवं महाविद्यालय स्तर तक में प्रणीण्य सुची में आए सभी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह गायत्री शक्तिपीठ, जशपुर में रखा गया था। ज्ञात हो कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पूरे भारत में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है जिसमें 40 लाख से अधिक बच्चे प्रतिवर्ष भाग लेते हां। इस सत्र में 13 अक्टूबर 2025 को छत्तीसगढ़ में परीक्षा आयोजित किया गया था। जिले से लगभग 8000 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं ने इस सत्र में परीक्षा में भाग लिया। विकासखंड जशपुर के भी सभी कक्षा के मेरिट लिस्ट के बच्चों का भी सम्मान किया गया। सभी प्रतिभागियों को

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सम्मान समारोह, शिक्षा अधिकारी ने किया पुरस्कृत



मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर नरेंद्र कुमार सिंहा एवं गायत्री परिवार के जिला संयोजक कांशीराम श्रीवास ने सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि डीईओ नरेंद्र कुमार सिंहा ने बच्चों को कहा कि वे अपने जीवन में शिक्षा के साथ साथ विद्या एवं संस्कार को स्थापित करें एवं अपने जीवन का नैतिक, चारित्रिक एवं आध्यात्मिक विकास करें। काशी राम श्रीवास ने कहा कि गायत्री परिवार समाज में लोगों को नैतिक आध्यात्मिक एवं चारित्रिक उत्थान के लिए प्रेरित कर रहा हैं। परीक्षा के जिला संयोजक साहदुल सिंह ने कहा कि परीक्षा ओएमआर प्रणाली में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। कार्यक्रम का संचालन रवि गुप्ता के द्वारा किया गया।

## स्वर्ण आभूषणों से सजे महाप्रभु के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

**जशपुरनगर।** जिले के विकासखंड कांसाबेल स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में शनिवार को भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का भव्य सुना वेश (सोना वेश) श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। बहुड़ा रथयात्रा के उपरांत श्री मंदिर परिसर में विराजमान महाप्रभु का स्वर्णाभूषणों से दिव्य श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन के लिए शाम से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।



सुना वेश के अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा को स्वर्ण मुकुट, स्वर्ण आभूषण तथा अन्य दिव्य अलंकरणों से सजाया गया। महाप्रभु के स्वर्णिम स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे तथा परिवार, समाज और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। पूरे मंदिर परिसर में हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन, वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। मंदिर समिति के अनुसार रविवार को पारंपरिक अधर पाना अनुष्ठान सम्पन्न होगा, जबकि सोमवार को नीलाद्री विजय के अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा पुनः श्री मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करेंगे। इस अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ द्वारा माता लक्ष्मी को रसगुल्ला अर्पित कर उन्हें प्रसन्न करने की प्राचीन परंपरा भी निभाई जाएगी। वर्ष 1942 से निरंतर आयोजित हो रही दोकड़ा की ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ रथयात्रा आज छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं झारखंड के श्रद्धालुओं की आस्था, संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रमुख केंद्र बन चुकी है।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की पहली कार्यसमिति बैठक, संगठन विस्तार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रथम कार्यसमिति एवं परिचयात्मक बैठक जिला भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अल्पसंख्यक समाज तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, सुशासन और अंत्योदय के मूल मंत्र पर कार्य करने वाला संगठन है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश नन्दे ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं। जिला भाजपा महामंत्री मुकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित और विचार आधारित संगठन है। अल्पसंख्यक मोर्चा जिला प्रभारी कमरुद्दीन अंसारी, जिलाध्यक्ष हदीस अंसारी, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के सदस्य फैज़ान सरवर खान, मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष असलम आज़ाद एवं ज़मीर इस्लाम जिन्ना ने कहा कि भाजपा की रीति-नीति और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला भाजपा मंत्री संतोष सिंह, मोर्चा जिला महामंत्री मनव्वर आज़ाद, शहर मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, श्रीमती शारदा प्रधान, उस्मान कुरैशी, एडवोकेट सलमा खान, विनोद अयाज़ टोप्पो, कलीम अंसारी, जुनैद अहमद, फिरदौस खान, अब्दुल अज़ीज़, अब्दुल कुद्दुस, औरंगज़ेब शाह, राजा सोनी, दीपक गुप्ता, सतीश मिंज, बेंजामिन कुजूर, राजीव बरवा, अब्दुल्ला राईन,मुस्तकीम खान सहित मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## संकुल हर्रापाठ में जोन स्तरीय अकादमिक संकुल बैठक



**जशपुरनगर।** शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 4 संकुल के प्राथमिक भाषा शिक्षकों का संकुल हर्रापाठ के अंतर्गत प्राथमिक शाला छतोरी में शिक्षा विभाग एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से जोन स्तरीय अकादमिक संकुल बैठक हुई।

भाषा कार्यशाला तरुण पटेल विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोरा, जगत पाल राम सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं आशुतोष शर्मा विकास खंड स्त्रोत समन्वयक मनोरा के मार्गदर्शन में मुकेश, लोकनाथ प्रसाद यादव ,प्रेम कुमार यादव ,निर्दोष कुमार, संकुल समन्वयक एवं जोन प्रशिक्षकों द्वारा संकुल हर्रापाठ, तालासिलीअलोरी गुल्लू एवं ओरकेला के प्राथमिक शालाओं में पढ़ाने वाले भाषा शिक्षकों की अकादमिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य हिंदी विषय के शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक एवं गतिविधि-आधारित बनाना था। बैठक में कविता गीत शब्द जाल नवीन हिंदी पाठ्यपुस्तक की समीक्षा अभ्यास पुस्तिका के प्रभावी एवं प्रवाही उपयोग, हिंदी विषय की पेडागॉजी नोट्स पर विस्तृत डेमो एवं चर्चा तथा प्रधान पाठक प्रोजेक्ट में इस वर्ष प्रिंट रिच, पुस्तकालय, रचनात्मक लेखन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रवाही गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही आगामी संकुल बैठकों की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई।
बैठक का समापन सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार लोकनाथ प्रसाद यादव संकुल समन्वयक हर्रापाठ द्वारा व्यक्त करते हुए किया गया।

### एसएसपी ने बगीचा थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

# अव्यवस्था देखकर थाना प्रभारी व मोहर्रिर को लगाई कड़ी फटकार

**जशपुरनगर।** एसएसपी डा. लाल उमेद सिंह ने थाना बगीचा का वार्षिक निरीक्षण किया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वारा थाना की ''कार्यालयीन व्यवस्था, पुलिसिंग कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, थाना परिसर की साफ-सफाई, मालखाना एवं सुरक्षा व्यवस्था'' का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना में संधारित ''ग्राम अपराध पुस्तिका, जरायम रजिस्टर, जप्ती माल एवं अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों'' का बारीकी से अवलोकन किया गया। शासकीय संपत्ति एवं रिकॉर्ड के निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थित,कमियां पाए जाने पर थाना प्रभारी बगीचा एवं थाना के मोहर्रिर को कड़ी फटकार लगाई गई, साथ ही निर्देशित किया गया कि थाना के सभी रिकार्ड एवं अभिलेखों को अविलम्ब व्यवस्थित एवं अद्यतन रखा जाए। अभिलेखों में आवश्यक प्रविष्टियां समय पर पूर्ण की जाएं तथा रिकॉर्ड संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था'' का भी जायजा लिया गया। थाना परिसर, कार्यालयीन कक्षों एवं अन्य स्थानों में नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। वरिष्ठ अधिकारी ने निर्देशित किया कि थाना परिसर स्वच्छ, साफ एवं व्यवस्थित रहना चाहिए, जिससे थाना आने वाले आम नागरिकों को बेहतर एवं सकारात्मक वातावरण मिल सके। पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।



### लंबित अपराध एवं शिकायतों की समीक्षा

निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र में लंबित अपराधों एवं शिकायतों" की स्थिति की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र एवं नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए गए साथ ही संबंधित को निर्देशित किया कि पुराने एवं लंबित प्रकरणों में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक प्रकरण की विवेचना को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### गुंडा-बदमाशों की नियमित चेकिंग के निर्देश

थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुंडा-बदमाशों एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की नियमित चेकिंग करने के निर्देश दिए गए, ऐसे व्यक्तियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

